**Attachement 1.5**

# वन भूमि का औचित्य प्रमाण पत्र

(परियोजना के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवरण)

**परियोजना का नाम** देवाल–मुन्दोली मोटर मार्ग से रा0इ0का0 मुन्दोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.288 हे0 वन पंचायत, कुल 0.288 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण प्रस्ताव।

उक्त मोटर मार्ग के निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति शासनादेश सं0 765/जि0यो0–3/2012–13 दिनांक 31/7/2012 द्वारा 0.400 किमी0 लम्बाई में प्राप्त हुई है। जिसके परिपेक्ष में प्रस्तुत वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया गया है। प्रस्तावित मार्ग देवाल–मुन्दोली मोटर मार्ग के किमी0 33 से प्रारम्भ होगा तथा राजकीय इंटर कॉलेज मुन्दोली पर समाप्त होगा।

उक्त मार्ग पूर्व में निर्मित पैदल ग्रामीण मार्ग पर ही प्रस्तावित किया गया है। अतः यह एकल संरेखण तकनीकी एवं व्यवहारिक दृष्टि से उचित है, जिस पर अनापत्ति प्राप्त है। यह मार्ग रा0इं0का0 मुन्दोली को यातायात से जोड़ने के साथ–साथ अन्य सुदूरवर्ती ग्रामों के छात्र–छात्राओं को भी लाभान्वित करेगा। मार्ग का सर्वेक्षण लो0नि0वि0 की विशिष्टियों के अनुरूप अधिक से अधिक ग्रामों को जोड़ते हुए किया गया है। पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिये यातायात का होना अति आवश्यक है। यातायात न होने के कारण इस क्षेत्र के छात्र–छात्राओं को पैदल ही विद्यालय जाना पड़ता है जिससे उनके समय की हानि होती है। इस क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए यहां मार्ग निर्माण किया जाना अति आवश्यक है।

इस समरेखण पर उक्त परियोजना के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु मुन्दोली में स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका जी0पी0एस0 मान 30 07′ 0. 26″ उ0, 79 36′ 49.89″ पू0 हैं।

प्रस्तुत मार्ग के निर्माण हेतु वृक्षों की गणना 6 मी0 में कम से कम वृक्षों को क्षति पहुंचाते हुए की गई है। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्रवासियों को कोई आपत्ति नहीं है। इस मार्ग के बन जाने से क्षेत्र की अधिक से अधिक जनसंख्या को लाभ मिलेगा। उपरोक्त मार्ग में कुल 0.288 हे0 वन भूमि पड़ती है, जिस हेतु प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित है।

कनिष्ठ अभियन्ता

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
थराली, (चमोली)

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
थराली, (चमोली)

वन क्षेत्र अधिकारी
पूर्वी पिण्डर रेंज
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

प्रभागीय वनाधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर
(चमोली)